# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
01/02/20

CENTRAL RESERVE POLICE

TWENTY SEVENTH ANNIVERSARY

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan Lohardaga (JKD)**

# राहतः लोहरदगा में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

लोहरदगा | संवाददाता

लोहरदगा में शुक्रवार को कर्फ्यू में सात घंटे की ढील दी गई। इस दौरान पूरे जिले में स्थिति शांतिपूर्ण रही। शुक्रवार को कर्फ्यू में सुबह साढ़े आठ बजे से 12 बजे तक और फिर दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक छूट दी गई। इस दौरान सरकारी दफ्तरों में भी कामकाज हुआ। कर्फ्यू में ढील के दौरान भी सुरक्षा बलों के जवान लगातार गश्त लगाते रहे। उधर शनिवार को सुबह आठ से 12 बजे तक तथा दोपहर दो से शाम साढ़े पांच बजे तक कर्फ्यू में ढील रहेगी।

उधर, प्रशासन की घोषणा के मुताबिक जिले में स्कूल-कॉलेज भी शनिवार से खुल जाएंगे। सरस्वती प्रतिमाओं का विसर्जन नौ से 11 बजे के बीच किया जाएगा। आईजी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तेजी से स्थिति सामान्य हो रही है। हिंसा के आठ और आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को लोहरदगा मंडल कारा भेजा गया। इस तरह अब तक कुल 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



लोहरदगा में शुक्रवार को जवानों ने संवेदनशील जगहों पर संभाल रखा है मोरचा।

## कर्फ्यू में ढील

- आज कर्फ्यू में साढ़े सात घंटे की ढील मिलेगी
- नौ से 11 बजे के बीच होगा सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन

इस बीच, उपायुक्त आकांक्षा रंजन और एसपी प्रियदर्शी आलोक ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**लोहरदगा में तेजी से सामान्य हो रहे हालात :** आईजी नवीन कुमार सिंह ने तेजली से हालात सामान्य हो रहे हैं। जिले भर के सरकारी दफ्तर, समाहरणालय खुले रहे। धान क्रय केंद्र में 150 क्विंटल धान की खरीदारी हुई।

Sanmarg Lohardaga (JKD)

रैफ के जवानों ने लोहरदगा में फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा, कहा

# जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखें, अफवाह पर ध्यान न दें

संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा में अमन-चैन बहाल करने में रैफ के जवानों की बड़ी भूमिका रही है। सी 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर के जवानों द्वारा 31 जनवरी को उप कमांडेंट राकेश कुमार, की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। मार्च शहर के सभी प्रमुख इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदशी आलोक, डीएसपी बबन, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार और सहायक अमरकांत कुमार, आइआरबी पुलिस उपाधीक्षक ए हुसैन समेत बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च लोहरदगा थाना से शुरू होकर कसाई मुहल्ला, अमला टोली, मेनका सिनेमा हॉल, पावर गंज चौक, तैगी नगर, बरवा टोली चौक, थाना चौक मस्जिद, अजय उद्यान, ईदगाह, घोसी नगर, निधि कांप्लेक्स, दुपट्टा चौक, ब्राह्मणडीहा, होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गों-गलियों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों के द्वारा किए लगातार किये जा रहे फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाकों में शांति व्यवस्था कायम हुई है। नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है। अराजक तत्वों में भय का माहौल है। जिस कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की अपील की। किसी के बहकावे या अफवाहों में नहीं आने को कहा। साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर पर किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि-व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड न करें। साथ ही जिन घरों में सरस्वती पूजा संपन्न हुई है, वे प्रशासन द्वारा निर्धारित समयानुसार शांति पूर्वक विसर्जन करेंगे। साथ ही हिदायत दी गयी कि कोई जुलूस, नारा आदि नहीं लगाया जाएगा। अधिकारियों ने अपील की कि सुबह 8:30 से दोपहर 12 बजे और 2:00 बजे से 5:30 तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से दुकानों से रोजमर्रा की जरूरतों का सामान ले सकते हैं।



## कर्फ्यू का नौवां दिन: खरीदारी को लेकर सड़क पर निकले लोग

**लोहरदगा :** हिंसाग्रस्त लोहरदगा जिले में कर्फ्यू के नौवें दिन जब लोगों को कर्फ्यू से ढील दी गई तो लोग जरूरत के सामान की खरीदारी के लिए सड़क पर निकल पड़े। लोगों ने दवा, रसोई गैस, सब्जियां, खाद्यान्न सहित अन्य सामानों की खरीदारी की कर्फ्यू में ढील का समय शुरू होते ही लोग सड़क पर नजर आने लगे। कोई दूध खरीदने को लेकर डेयरी की ओर जा रहा था, तो कोई दवाओं की खरीद के लिए दवा के लिए। इस दौरान ट्रेन से रांची भी गए। यात्री रेलगाड़ी में काफी कम भीड़ दिखी। सब्जी बाजार की ओर भी लोगों को देख जाते देखा गया। हालात अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। कर्फ्यू में ढील के दौरान भी लोगों पर पुलिस प्रशासन की नजर बनी रही। ड्रोन कैमरे की सहायता से लगातार चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। लोगों को कर्फ्यू में ढील के दौरान भी भीड़ लगाने की इजाजत नहीं है। अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने को कहा गया। संवेदनशील इलाकों में भी पुलिस की नजर है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा करते हुए हालात का जायजा ले रहे हैं। कर्फ्यू में ढील के दौरान स्थिति की समीक्षा के उपरांत ही अगले दिन को लेकर प्रशासनिक अमला कोई भी फैसला लेता है।

Hindustan times prayagraj (UP)

# RAF ORGANISES SEMINAR

**PRAYAGRAJ:** Rapid Action Force's (RAF) 101 Battalion organised a seminar on awareness of fundamental duties under Commandant of 101 Battalion of RAF RK Nigam on Thursday. A rally was also taken out on the occasion with students and Malaka village residents. A team of RAF personnel encouraged people to perform their fundamental duties and explained the importance of the Constitution. Around 1000 students and villagers participated in the rally.

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**